खिवनी अभ्यारण्य के ईको विकास समिति के सदस्यों को रंगीनी लाख उत्पादन हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 18 अक्टूबर 2024

वन्यप्राणियों के आकलन प्रशिक्षण के उपरांत दिनांक 18 अक्टूबर 2024 को खिवनी अभ्यारण्य के ईको विकास समिति के सदस्यों को रंगीनी लाख उत्पादन की माध्यम से आजीविका में सुधार हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में कुल 27 समिति सदस्य एवं कृषको ने भाग लिए थे। कार्यशाला की प्रारंभ में परियोजना के मुख्य अन्वेषक तथा वैज्ञानिक डॉ. अनिरुद्ध मजूमदार द्वारा लाख की उपयोगिता, प्रकार तथा पोषक वृक्ष के बारे में अवगत कराया गया था। इसके उपरांत श्री बलराम लोधी द्वारा रंगीनी लाख उत्पादन की कृषि पद्धति तथा संग्रहण की विधि के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया गया एवं क्षेत्रीय स्थल पर उत्पादन तकनीक का फील्ड प्रदर्शन कराया गया। इसके साथ–साथ लाख के विपणन तथा इसके माध्यम से आय की स्रोत बढ़ाने हेतु विभिन्न पद्धतियों के बारे में भी अवगत कराया गया था, ताकि समिति के सदस्यों द्वारा लाख उत्पादन से लाभ उठाया जाए एवं संयुक्त वन प्रबंधन की मुख्य उद्देश्य का भी परिपालन करके वनो को सुरक्षित किया जा सके। सभी वन समिति सदस्यो को अधीक्षक खिवनी द्वारा सभी प्रकार से सहायता का आश्वासन प्रदाय किया गया, ताकि उनकी आजीविका में उत्कृष्ठ परिवर्तन हो सके।

प्रतिभागियों को रंगीनी लाख उत्पादन की तकनीक का फील्ड प्रदर्शन करते हुए अनुसन्धान दल

रंगीनी लाख प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रतिभागियों की ग्रुप फोटोग्राफ